NSW HEALTH
July 2005
[DOH-7600]

**HINDI**

# तपेदिक
# Tuberculosis

### तपेदिक क्या है ?

- तपेदिक (टीबी) एक रोग है जो *माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्यूलोसिस* बैक्टीरिया (जीवाणु) से होता है।
- टीबी व्यक्ति के फेफड़ों या शरीर के अन्य भागों को नुकसान पहुंचा सकती है और गंभीर बीमारी लगा सकती है।

### यह कैसे फैलती है ?

- टीबी हवा से फैलती है जब फेफड़ों या गले में टीबी वाला व्यक्ति खांसता है, छींकता है या बोलता है और जीवाणुओं को हवा में बिखेरता है
- जब दूसरे व्यक्ति इन जीवाणुओं को सांस द्वारा अन्दर लेते हैं वे संक्रमित हो सकते हैं
- अधिकतर लोग किसी ऐसे व्यक्ति से टीबी के जीवाणु लेते हैं जिसके साथ वे अधिकतर समय बिताते हैं, जैसे कि परिवार के सदस्य या मित्र
- टीबी घर के सामान (उदाहरण के लिए छुरी-कांटे, खाने के बर्तन, पीने के गिलास, चादरें, कपड़े या टेलीफ़ोन) से *नहीं* फैलती इसलिए घर के अलग सामानों का प्रयोग आवश्यक नहीं है।

### टीबी संक्रमण और टीबी रोग में क्या अंतर है ?

**टीबी संक्रमण** : टीबी के जीवाणु शरीर में हैं लेकिन वे "**निष्क्रिय**" हैं। अधिकतर मामलों में, शरीर का रक्षा तंत्र जीवाणुओं को नियंत्रित करता है। लेकिन, ये जीवाणु **निष्क्रिय** स्थिति में जीवित रह सकते हैं।

- जब तक टीबी के जीवाणु **निष्क्रिय** होते हैं, वे कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकते, या दूसरे लोगों में नहीं फैल सकते। यह व्यक्ति "**संक्रमित**" है लेकिन बीमार नहीं। अधिकतम (90 प्रतिशत लोगों) में जीवाणु हमेशा निष्क्रिय रहेंगे। ट्यूबरक्लिन स्किन टैस्ट के पॉज़िटिव परिणाम से संक्रमण का पता चल सकता है।

**टीबी रोग** : यह संभव है कि बहुत सालों बाद भी. टीबी के **निष्क्रिय** जीवाणु **सक्रिय** हो सकते हैं जब शरीर के रक्षा तंत्र कमजोर हो जाते हैं। यह बुढ़ापा आने, गंभीर बीमारी, तनाव वाली घटना, दवाई या शराब के कुप्रयोग, एच आई वी संक्रमण (जिस वायरस से एड्स होता है )या दूसरी स्थितियों के कारण हो सकता है।

- जब टीबी के निष्क्रिय जीवाणु **सक्रिय** हो जाते हैं, टीबी का रोग विकसित हो सकता है
- केवल 10 प्रतिशत लोगों को टीबी की बीमारी होगी जो टीबी के जीवाणुओं से संक्रमित हैं
- फेफड़ों और गले की टीबी वाले लोग दूसरों के लिए *संक्रामक हो सकते हैं*
- अधिकतर मामलों में, दो सप्ताह दवाई लेने के बाद, टीबी ग्रस्त लोग और आगे टीबी के जीवाणु नहीं फैलाएंगे
- शरीर के दूसरे भागों में हुई टीबी वाले लोग संक्रामक *नहीं* हैं।

### क्या लक्षण हैं ?

टीबी शरीर के किसी भी हिस्से पर आक्रमण कर सकती है, लेकिन फेफड़े सर्वाधिक सामान्य जगह है। टीबी वाले लोगों में निम्न कुछ या सभी लक्षण हो सकते हैं :

- तीन से अधिक सप्ताह रहने वाली खांसी
- बुखार
- बिना किसी कारण वज़न का कम होना
- रात में पसीने आना
- हमेशा थकावट रहना
- भूख में कमी
- रक्त युक्त बलगम आना
- जब टीबी फेफड़ों के बाहर हो तो उस प्रभावित स्थान पर दर्द और / या सूजन

कुछ सक्रिय टीबी रोग वाले लोगों को केवल हल्के लक्षण हो सकते हैं

## किसे खतरा है ?

- वे लोग जो फेफड़ों या श्वास नली की संक्रामक टीबी से ग्रस्त लोगों के निकट संपर्क में लम्बा समय बिताते हैं।
- वे लोगः
  - जिन्हें कैंसर है, जिसमें लिम्फोमा या हॉज़किन रोग शामिल हैं
  - जो रोग प्रतिरक्षण तंत्र को प्रभावित करने वाली दवा लेते हैं (उदाहरण के लिए, कॉरटिकोस्टीरॉयडस, साइक्लोस्पोरिन या रसायन चिकित्सा की दवाईयां)
  - जिन्हें एच आई वी / एड्स है
  - जिन्हें जीर्ण रोग है जो उनके रोग प्रतिरक्षण तंत्र को प्रभावित करता है।

## इसे कैसे रोका जा सकता है ?

- फेफड़ों में टीबी वाले लोगों को खांसते या छींकते समय अपने नाक व मुंह को ढकने का निर्देश दिया जाता है
- फेफड़ों में संक्रामक टीबी वाले लोगों को अलग रखा जाता है जब तक कि वे असंक्रामक नहीं हो जाते।
- कुछ लोगों को जिनमें टीबी का संक्रमण हुआ पाया गया है उन्हें रोकथाम के इलाज का कोर्स दिया जाता है
- BCG का टीका उन छोटे बच्चों को घातक टीबी के प्रकार के प्रति सुरक्षा प्रदान करता है जो सामान्य रूप से टीबी पाए जाने वाले देशों में यात्रा करते हैं। BCG की NSW में सामान्यतः सिफारिश *नहीं* की जाती।

## इसका निदान कैसे किया जाता है ?

*फेफड़ों मे टीबी के लिएः*

- छाती के एक्स-रे से पता चल सकता है कि क्या टीबी रोग से फेफड़ों पर असर हुआ है
- थूक के परीक्षण से पता चलता है कि खांसी की गई थूक में टीबी के जीवाणु विद्यमान हैं
- यदि व्यक्ति थूक नहीं निकाल सकता तो अन्य परीक्षणों की आवश्यकता पड़ सकती है।

*फेफड़ों से बाहर हुई टीबी के लिएः*

- बारीक सुई से निकाल कर की गई बायोप्सी, ज़ख्म से पोंछे स्राव से, शल्य चिकित्सा द्वारा लिया नमूना या प्रातःकाल के पेशाब के नमूने से टीबी के निदान में मदद मिल सकती है।

## इसका इलाज कैसे किया जाता है ?

- **टीबी संक्रमणः** डाक्टर शायद गोलियों के एक कोर्स के उपयोग की सलाह दे (रोकथाम चिकित्सा) या फिर से छाती का नियमित एक्स-रे करवाएं।
- **टीबी रोगः** का इलाज लगभग छः महीने तक विशेष एंटीबायोटिक दवाईयों के मिश्रण से किया जाता है। जब तक आप टीबी के लिए एंटीबायोटिक लेते हैं तब तक चैस्ट क्लिनिक की नर्स अन्य कुप्रभावों की जांच करने के लिए आपका ध्यान रखेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि इलाज पूरा किया गया है।
- टीबी ग्रस्त लोग ठीक किए जा सकते हैं यदि वे इलाज पूरा करें।
- इलाज पर रहते हुए, टीबी ग्रस्त लोग आम गतिविधियां कर सकते हैं, जब तक कि वे असंक्रामक नहीं हो जाते।
- यदि टीबी ग्रस्त लोग अपनी दवा न लें, तो वे गंभीर रूप से बीमार हो सकते हैं, और मर भी सकते हैं।

## और अधिक सूचना के लिए

- अपने स्थानीय चैस्ट क्लिनिक से संपर्क कीजिए या अपने निजी डाक्टर के पास जाएं
- चैस्ट क्लिनिकों में टीबी की सारी जांच व इलाज निःशुल्क और विश्वस्त रूप से किया जाता है।
- चैस्ट क्लिनिक जाने के लिए डाक्टर से सिफ़ारशी पत्र लेने की आवश्यकता *नहीं* होती
- मेडीकेयर देखभाल की ज़रूरत *नहीं* पड़ती

चैस्ट क्लिनिक सेवाओं में टीबी ग्रस्त रोगियों की देखभाल व प्रबंधन व सभी आवश्यक संपर्क की छान-बीन व जांच शामिल है।

NSW HEALTH
July 2005
[DOH-7600]

# NSW चैस्ट क्लिनिक

| मुख्य नगर के क्लिनिक : **Metropolitan Clinics:** | | टेलीफोन न : **Telephone No.** |
|---|---|---|
| Central Sydney | Canterbury Hospital | 9787 0162 |
| | Concord Hospital | 9767 5675 |
| | Royal Prince Alfred Hospital | 9515 8846 |
| Northern Sydney | Hornsby Hospital | 9477 9317 |
| | Manly Hospital | 9976 9542 |
| | Royal North Shore Hospital | 9926 7905 |
| South Eastern Sydney | Prince of Wales Hospital | 9382 4636 |
| | St George Hospital | 9350 2503 |
| | St Vincent's Hospital | 8382 3876 |
| | Sydney Hospital | 9382 7535 |
| South Western Sydney | Liverpool Hospital | 9829 4888 |
| Wentworth | Nepean Hospital | 4734 2536 |
| Western Sydney | Parramatta Health Services | 9843 3110 |

देहाती क्लिनिक :
**Rural Clinics:**

| | | |
|---|---|---|
| Central Coast | Gosford Hospital | 4320 3388 |
| Far West | Broken Hill Hospital | (08) 8080 1317 |
| Greater Murray | Wagga Wagga Centre of Public Health | 6933 9125 |
| | Griffith Community Health Centre | 6966 9900 |
| Hunter | John Hunter Hospital | 4921 3372 |
| Illawarra | Wollongong Hospital | 4253 4138 |
| Macquarie | Dubbo Centre of Population Health | 6841 2345 |
| Mid Western | Orange Base Hospital | 6393 3480 |
| Mid North Coast | Coffs Harbour Health Campus | 6656 7855 |
| | Port Macquarie Health Centre | 6588 2755 |
| | Taree Health Centre | 6592 9625 |
| New England | Tamworth Base Hospital | 6768 3392 |
| Northern Rivers | Lismore Base Hospital | 6620 2280 |
| Southern | Bega Community Health Centre | 6492 9620 |
| | Cooma Community Health Centre | 6455 3201 |
| | Goulburn Community Health Centre | 4827 3913 |
| | Narooma Community Health Centre | 4476 2344 |
| | Queanbeyan Community Health Centre | 6298 9233 |
| | Young Mercy Care Centre | 6382 1111 |

## NSW Department of Health:

73 Miller Street,
North Sydney NSW 2059

फ़ोन : (02) 9391 9000
फैक्स: (02) 9391 9101
टीटीवाई: (02) 9391 9900

**NSW Health website: www.health.nsw.gov.au**